# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

क्रमांक : परीक्षा 4 अ/2015/ दिनांकः

**प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र हेतु विज्ञप्ति**

राजस्थान विश्वविद्यालय की स्नातक स्तर की विज्ञान, वाणिज्य तथा कला संकाय की प्रायोगिक परीक्षायें 11 फरवरी, 2015 से आयोजित होंगी। वर्ष 2015 की परीक्षा हेतु नियमित, पूर्व एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को चाहिये कि वे निम्न परीक्षा केन्द्रों पर सम्पर्क करें। प्रायोगिक परीक्षा तिथि, सम्बन्धित प्राचार्य/विभागाध्यक्ष द्वारा निश्चित की जायेगी, अतः परीक्षार्थी निर्धारित तिथि एवं बैच में ही सम्बन्धित विषय की प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित हों।

1. **नियमित एवं पूर्व छात्र/छात्रायें :- अपने सम्बन्धित महाविद्यालय में ही प्रायोगिक परीक्षा देंगे।**
2. **स्वयंपाठी - स्नातक कला एवं विज्ञान वर्ग के परीक्षार्थियों हेतु प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र की व्यवस्था निम्न प्रकार की गई है :-**

I. **भूगोल विषय के समस्त सात जिलों के स्वयंपाठी परीक्षार्थियों** का प्रशिक्षण एवं प्रायोगिक परीक्षा संलग्नक "अ" में दिये गये केन्द्रो के अनुसार सम्पन्न होंगी। जो कि विश्वविद्यालय वेबसाईट www.uniraj.ac.in पर उपलब्ध है।

II. **जयपुर शहर के अतिरिक्त** अन्य सभी स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के प्रायोगिक विषयों की परीक्षा (भूगोल विषय के अतिरिक्त) का केन्द्र वही होगा जहाँ पर उनके सैद्धान्तिक परीक्षा केन्द्र निर्धारित हैं। बशर्ते कि वहां पर उनके सभी सम्बन्धित विषयों की सुविधा उपलब्ध हो, अन्यथा सम्बन्धित जिले के नजदीकी स्वयंपाठी परीक्षा केन्द्र में विषय उपलब्ध होगा वहाँ पर प्रायोगिक परीक्षा आयोजित होगी।

III. विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार के सातों जिलों ( अलवर, भरतपुर, धौलपुर, झुन्झुनू, सीकर, दौसा एवं जयपुर ) में आवांटित उपरोक्तानुसार परीक्षा केन्द्रों पर यदि किसी परीक्षार्थी के किन्हीं विषयों की प्रायोगिक परीक्षा की सुविधा उपलब्ध नहीं हो तो, ऐसे स्वयंपाठी परीक्षार्थियों की परीक्षा निम्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी।

(अ) विश्वविद्यालय महाराजा कॉलेज, जयपुर - विज्ञान संकाय के छात्र।
(ब) विश्वविद्यालय राजस्थान कॉलेज, जयपुर - कला संकाय के छात्र।
(स) विश्वविद्यालय महारानी कॉलेज, जयपुर - कला एवं विज्ञान संकाय के समस्त विषयों की छात्राऐं एवं संगीत विषय के छात्र/छात्रायें।

IV. जयपुर शहर के परीक्षार्थियों हेतु प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र की व्यवस्था निम्न प्रकार की गई हैं :-

(अ) जयपुर शहर के **विज्ञान संकाय** के भूगोल के अतिरिक्त अन्य समस्त विषयों के स्वयंपाठी छात्रों की प्रायोगिक परीक्षा का केन्द्र **विश्वविद्यालय महाराजा कॉलेज, जयपुर** एवं छात्राओं के लिये **विश्वविद्यालय महारानी कॉलेज, जयपुर** निर्धारित किया गया है।

(ब) जयपुर शहर के **कला संकाय** के समस्त स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिये भूगोल विषय के अतिरिक्त अन्य समस्त विषयों की प्रायोगिक परीक्षा के लिये परीक्षा केन्द्र उनके सम्मुख अंकित परीक्षार्थी के नाम के अंग्रेजी वर्णमाला के प्रथम अक्षर अनुसार निम्नानुसार आवंटित किये गये हैं।

| सैटंर कोड | प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र का नाम | अंग्रेजी वर्णमाला (कला संकाय) | |
|---|---|---|---|
| | **जयपुर के छात्रों हेतु परीक्षा केन्द्र** | पार्ट I | पार्ट II, III |
| 448 | एल.बी.एस. कॉलेज, जयपुर | A | A to C |
| 427 | खण्डेलवाल वैश्य छात्र महाविद्यालय, जयपुर | B | - |
| 450 | एस.एस.जी. पारीक कॉलेज, चॉदपोल, जयपुर | G, I & J | H to J |
| 446 | विश्वविद्यालय राजस्थान कॉलेज, जयपुर | C to F, K, L M, N, O, Q, T, U | D to G, K, L, S, Addl. |
| 459 | एस.एस. जैन सुबोध कॉलेज, राम बाग, जयपुर | V to Z | M to N |
| 424 | विश्वविद्यालय महाराजा कॉलेज, जयपुर | S | O to R |
| 435 | सैन्ट विल्फ्रेड कॉलेज, मानसरोवर, जयपुर | R | T to Z |
| 456 | परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सीलेन्स, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर | P | - |
| 433 | स्टेनी मेमोरियल कॉलेज मानसरोवर, जयपुर | H | - |

P.T.O.

| जयपुर की छात्राओं हेतु परीक्षा केन्द्र | | | |
|---|---|---|---|
| 399 | वैदिक कन्या महाविद्यालय, राजापार्क, जयपुर | A to C | A to C |
| 392 | खण्डेलवाल वैश्य कन्या महाविद्यालय, चॉदपोल, जयपुर | H to K | - |
| 394 | कानोडिया महिला महाविद्यालय, जयपुर | L to M | L to M |
| 385 | श्री सत्यसांई महिला महाविद्यालय, जवाहर नगर, जयपुर | N, T to Z | D to K |
| 379 | विश्वविद्यालय महारानी कॉलेज, जयपुर | R to S | S to Z &Addl- |
| 414 | वैदिक बालिका महाविद्यालय, मानसरोवर, जयपुर | E to G | R |
| 400 | श्री भवानी निकेतन महिला महाविद्यालय, सीकर रोड़, जयपुर | DOPQ | N to Q |

**यदि परीक्षार्थी संबन्धित परीक्षा केन्द्र पर प्रायोगिक परीक्षा हेतु प्राचार्य द्वारा निश्चित की गई तिथि एवं समय पर उपस्थित नहीं होते हैं तो उनको उस विषय की प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित माना जायेगा।** परीक्षार्थी यह भी सुनिश्चित कर लें कि उन्होंने विश्वविद्यालय प्रावधानों के अनुसार प्रायोगिक विषय का आवश्यक प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया है। यह मूल प्रमाण पत्र परीक्षा प्रारम्भ होने के 21 दिन पूर्व अनुभागाधिकारी परीक्षा 4-अ (कला)/4-ब (विज्ञान), राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्राप्त हो जाना चाहिये अन्यथा परीक्षार्थी का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया जायेगा।

3. **विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित परीक्षा केन्द्र मे कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।**

**नोट : केवल स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिये प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र संबन्धी जानकारी वेबसाईट www.uniraj.ac.in पर परीक्षा तिथी से पूर्व उपलब्ध करवा दी गयी।**

प्रायोगिक परीक्षा कार्यक्रम सम्बन्धी यह विज्ञप्ति राजस्थान विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uniraj.ac.in पर भी उपलब्ध हैं।

-ह०-

**परीक्षा नियंत्रक**

क्रमांक : परीक्षा 4 अ/2015/12950-13049 दिनांकः 8.1.2015

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. समस्त प्राचार्य, संघटक/सम्बद्ध महाविद्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
2. विभागाध्यक्ष, भूगोल विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
3. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, लेखा एवं वित्त शाखा, राज. वि. वि., जयपुर।
4. निर्देशक, इन्फोनेट सेन्टर, राज. वि. वि. जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि इस विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने का श्रम करें।
5. उप कुलसचिव, संचालन शाखा/गोपनीय शाखा, राज. वि. वि., जयपुर।
6. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि इस विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार जिलो के प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका एवं दैनिक भास्कर) के संस्करण में एक बार प्रकाशित करवाने का श्रम करें।
7. निजी सचिव- कुलपति/कुलसचिव/निजी सहायक - परीक्षा नियंत्रक, राज. वि. वि., जयपुर।
8. सहायक कुलसचिव/अनुभागाधिकारी, संचालन शाखा/गोपनीय शाखा/विविध शाखा/छात्र सूचना केन्द्र, राज. वि. वि., जयपुर।

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा-4)**